भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
'एक मिनी रत्न कंपनी'
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
जन सम्पर्क विभाग
कोयला भवन, कोयला नगर
धनबाद – 826005 (झारखण्ड)
दूरभाष/फैक्स : 0326–2230202
वेबसाईट: www.bccl.gov.in
ईमेल: bcclprodhanbad@gmail.com
सीआईएन : U10101JH1972GOI000918

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relation Department
Koyla Bhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand).
Phone/Fax: 0326-2230202
website: www.bccl.gov.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक –25.05.2018

प्रेस विज्ञप्ति

कोल इंडिया लिमिटेड के नव नियुक्त अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री अनिल कुमार झा तथा निदेशक (तकनीकी) श्री बिनय दयाल बीसीसीएल में एक दिवसीय दौरे पर दिनांक 24.05.2018 को कोयला नगर गेस्ट हाउस पहुँचे । उनके आगमन पर बीसीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री अजय कुमार सिंह के अगुवाई में सभी उच्च अधिकारियों द्वारा गरम जोशी के साथ स्वागत किया गया तथा बीसीसीएल के केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया ।

तत्पश्चात विभिन्न कोयला खदानों में कोयला उत्पादन के दौरान दुर्घटनाओं में शहीद हुए कोयला मजदूर एवं अधिकारियों की याद में बनाए गए शहीद स्मारक, कोयला नगर में पहुँच कर गणमान्य अतिथियों ने श्रद्धासुमन अर्पित की ।

कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री ए के झा ने बीसीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंधक निदेशक, निदेशक मंडल तथा सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधकों, मुख्यालय के विभागाध्यक्षों के साथ कोयला भवन में समीक्षा बैठक की तथा कंपनी के उत्पादन, उत्पादकता तथा डिस्पैच से संबंधित जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

इस अवसर पर बीसीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री अजय कुमार सिंह के अलावे निदेशक (संचालन) श्री देवल गंगोपाध्याया, निदेशक (वित्त) श्री के. एस. राजाशेकर, निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री एन के त्रिपाठी, सभी क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष उपस्थित थे ।

महाप्रबंधक(कार्मिक)जन सम्पर्क